तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि

## KVS News

April - June 2024

**Outstanding CBSE Results**

**99.10%**
Class-X

**98.82%**
Class-XII

कवर स्टोरी



# सीबीएसई परिणाम 2023-24 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का उत्कृष्ट प्रदर्शन




CBSE Results 2024

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान कक्षा 10 और 12 के लिए आयोजित सीबीएसई परीक्षाओं में एक बार पुनः असाधारण परिणाम प्राप्त किये हैं, जो अकादमिक उत्कृष्टता के लिए संगठन की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष, केवीएस ने अपने उत्तीर्ण प्रतिशत में उल्लेखनीय सुधार किया हैः

- कक्षा 12: 98.82% (2023 में 92.57% था)
- कक्षा 10: 99.10% (2023 में 98.03% था)

इसके अलावा, केवीएस कक्षा 10 में सर्वोच्च पास प्रतिशत प्राप्त करने वाला संस्थान बनकर उभरा है। केवीएस ने कक्षा 10 में 99.10% पास प्रतिशत हासिल किया है। ये परिणाम हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के अथक समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस शानदार प्रदर्शन में हुए महत्वपूर्ण सुधार पूरे केवीएस समुदाय के सामूहिक प्रयासों को दर्शाते हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का कार्यान्वय

इस वर्ष की सफलता विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के रणनीतिक कार्यान्वयन के अनुरूप है। केवीएस ने एनईपी 2020 के आलोक में नए परिवर्तनों को अपनाया है, जिसमें विद्यार्थियों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले समग्र, विद्यार्थी-केंद्रित और लचीले दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रटने के बजाय अवधारणाओं को समझने पर नीति के जोर ने सीबीएसई परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## सामूहिक सफलता

इस उपलब्धि का श्रेय नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने वाले हमारे समर्पित शिक्षकों, अद्वितीय दृढ़ता और समर्पण दिखाने वाले हमारे विद्यार्थियों, और चुनौतीपूर्ण समय में अपने बच्चों का साथ देने वाले अभिभावकों को जाता है। केवीएस शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भाव भविष्य का नेतृत्व करने और प्रेरित करने में सक्षम युवाओं को पोषित करने के मिशन के साथ जुड़ा हुआ है।



# ‘प्रकृति की रक्षा’
# केन्द्रीय विद्यालय का संकल्प

जीवन में प्रकृति की अनमोल भूमिका को समझाने और उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए, देशभर के प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय में विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है।

इस वर्ष, पर्यावरण दिवस के अवसर पर, 5 जून 2024 से 10 जून 2024 तक “मिशन लाइफ के लिए इको क्लब्स” थीम पर विशेष ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और समृद्धि को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौधरोपण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, और स्वच्छता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से न केवल पर्यावरण के महत्व को समझाया गया, बल्कि उन्हें समुदाय की सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस शिविर ने विद्यार्थियों को प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण के महत्व को महसूस कराने के साथ-साथ, उन्हें इन विचारों को अपने जीवन में क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया। पौधरोपण के माध्यम से हरित आवरण बढ़ाने, जल संरक्षण के माध्यम से जल संकट को कम करने, अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने, और स्वच्छता अभियानों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस प्रकार, यह ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थियों के हृदय में पर्यावरण के प्रति स्नेह और सेवा की भावना को जन्म देता है, जो उनकी जीवन यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देता है।



# Deputy Commissioners Training & Conference: Charting the Path for 2024-25



Held from April 25 - 27, 2024 in KVS Dehradun Region, the Deputy Commissioner training cum-conference began with a focus on the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016. The following days centered on setting academic, administrative, and financial goals for the new year. The event concluded with Secretary Sanjay Kumar, IAS, delivering a closing address on April 27th. Key attendees included KVS Commissioner, Smt. Nidhi Pandey, top KVS HQ officials, Deputy Commissioners from KVS Regional Offices, and ZIET Directors.






पुस्तकोपहार

# पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल



'पुस्तकोपहार' कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय विद्यालयों में हर वर्ष अप्रैल माह के दौरान एक अनोखा और भावनात्मक आयोजन होता है। इस वर्ष भी, वरिष्ठ कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यपुस्तकों को कनिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप वितरित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से न सिर्फ किताबों का पुन: उपयोग होता है, बल्कि इससे किताबों पर होने वालें खर्चों में भी बचत होती है, इसी के साथ, विद्यार्थियों के बीच सामुदायिक साझेदारी की भावना, जिम्मेदारी, और नैतिक मूल्यों का भी विकास होता है। 'पुस्तकोपहार' कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक मिसाल है, जो संसाधनों के पुनर्चक्रण और सतत विकास को प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार, 'पुस्तकोपहार' पुस्तकों का उपहार ही नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के बीच प्रेम, सहयोग, सहानुभूति और पर्यावरण सुरक्षा का सजीव उदाहरण है।

तरुणोत्सव

# कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए मनाया गया तरुणोत्सव

केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा वर्ष 2018 से हर वर्ष कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के उपरांत विद्यार्थियों की छुट्टियों का सार्थक उपयोग करने के लिए 'तरुणोत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी तरुणोत्सव के दौरान कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में अनेक गतिविधियां करवाई गई जैसे भाषा कौशल सुधार (अंग्रेजी और हिंदी दोनों), करियर निर्देशन, विद्यार्थियों को उनकी रूचि अनुसार मार्गदर्शन और कक्षा 11वीं के विषयों का भी परिचय देना। 'तरुणोत्सव' का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना है, जिससे वे अपने करियर की दिशा में सशक्त कदम उठा सकें।



# खुशनुमा वातावरण में शिक्षा का आरंभ




'स्कूल का पहला दिन' सभी विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, और इस पल को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा 'खेल-आधारित स्कूल की तैयारी मॉड्यूल (विद्या प्रवेश)' कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कक्षा-1 प्रवेश करते समय एक सुखद और स्वागतपूर्ण वातावरण प्रदान करना है। इसी तरह शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में 'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी दिखाई। इस कार्यक्रम में, बच्चों के लिए तनाव-मुक्त वातावरण में विभिन्न गतिविधियां कराई गई, जिससे उनकी विद्यालय आने की जिज्ञासा और उत्साह बढ़े। 'विद्या प्रवेश' ने बच्चों को एक सुरक्षित और सहयोगपूर्ण माहौल प्रदान किया, ताकि उनकी शैक्षिक यात्रा सुखद और सफल हो सके।



# के.वि. के दिव्यांग शिक्षक का अनोखा प्रयास




दिव्यांगजनों और उनकी आवश्यकताओं के प्रति जनजागरण के लिए केन्द्रीय विद्यालय जोधपुर के दिव्यांग शिक्षक श्री जगदीश लोहार ने एक नई पहल की शुरुआत की। उन्होंने दिव्यांगजनों में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने और परिवहन सुविधाओं को उनके अनुकूल बनाने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया। श्री जगदीश लोहार ने अपने ट्राई स्कूटर पर सवार होकर देश के चारों कोनों की यात्रा की। यह अभियान 22 मई 2024 को प्रारंभ हुआ। इस अभियान के तहत, उन्होंने जोधपुर से कन्याकुमारी तक का सफर तय करते हुए कुल 6500 किलोमीटर का सफर तय किया। अपने इस अभियान से वे आज दिव्यांगजनों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।

इससे पहले भी श्री लोहार दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु जागरूकता अभियान चला चुके हैं। वे अपने ट्राई स्कूटर से जोधपुर से उज्जैन, जोधपुर से ईटानगर, जोधपुर से लद्दाख की भी यात्रा कर चुके हैं। जगदीश लोहार को वर्ष 2015 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी यह पहल दिव्यांगजनों को एक नया आत्मविश्वास प्रदान करने वाली है और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।



# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023-24 में विद्यार्थियों की बढ़चढ़ कर भागीदारी

8 अप्रैल  से 10 अप्रैल 2024 के बीच भुवनेश्वर स्थित केआईआईटी विश्वविद्यालय में 'केवीएस राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023-24' का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद कर्मलकर द्वारा, श्री एन.आर. मुरली अपर आयुक्त की उपस्थिति में किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 25 केवीएस संभागों के 57 शिक्षक और 406 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान पांच विभिन्न विषयों में 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया, और दिव्यांग समूह से 3 विशेष छात्रों को भी चुना गया।



# Global Celebration of Yoga Embracing Wellness and Freedom



Millions worldwide celebrated the **10th International Day of Yoga** on June 21, 2024, including Kendriya Vidyalaya schools where students, staff, and officials participated in yoga sessions. KVS teams also excelled at the National Yoga Olympiad in Mysuru, earning two silver medals in the U-17 category.

On June 21, 2024, people all over the world came together to celebrate the 10th International Day of Yoga. This special day is all about promoting yoga, an ancient practice that helps us relax, live freely, and enjoy many other benefits. Millions of people across different countries took part in yoga sessions, embracing this wonderful tradition.

On this occasion, Kendriya Vidyalaya was not far behind. In New Delhi at PM SHRI KV Janakpuri, where the Commissioner, Smt. Nidhi Pandey, along with senior officers of KVS HQ, joined students and staff members to mark the occasion. The calm atmosphere was filled with the energy of people moving together, doing breathing exercises, and meditating with the help of experienced yoga instructors.

The celebration of the 10th edition was not only at PM SHRI KV Janakpuri but also in all KVs, where yoga was performed. Participants, including students, teachers, and officials, demonstrated various yoga asanas, showcasing their dedication and enthusiasm.









# KVians Shine in National Yoga Olympiad 2024

Additionally, KVS teams participated in the National Yoga Olympiad 2024, held from June 18-20 in Mysuru, Karnataka. Four KVS teams competed in U-14 and U-17 categories. Out of 31 participating states/institutes, KVS teams won two silver medals in the U-17 category (boys and girls).

## Details of Winning Teams (Students)

| Boys- Secondary Level Class- IX –X (U-17) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KV Khanapara | HARSHIT KONWAR BORAH | IX | Silver Medal |
| 2 | KV Kokrajhar | LOCHAN CHETRY | X | |
| 3 | KV HVF Avadi | B MANOJ | IX | |
| 4 | KV CRPF Durgapur | SAYAN BAURI | IX | |
| **Girls- Secondary Level Class- IX –X (U-17)** | | | | |
| 1 | KV Ajni Nagpur(Shft-2) | YASHIKA BARAPATRE | X | Silver Medal |
| 2 | KV No. 4, Gwalior | MOHINI PRAJAPATI | X | |
| 3 | KV No. 1 CPCRI | ABHIJNA | IX | |
| 4 | KV Suryalanka | VUYYURU SNIGDHA | X | |

## Participants (Boys & Girls)

| Middle level Class- VI to VIII (U-14) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KV No. 1, Tezpur | CHARAYNAM DIXIT PUJARI | VIII | Boys |
| 2 | KV BSF Raising Nagar | DAKSH SHARMA | VIII | |
| 3 | KV Thiruvarur | K RITHISH | VII | |
| 4 | KV Palwal | HARSH KUMAR | VIII | |
| 1 | KV Ajni Nagpur (Shft-1) | NAKITA DHOLE | VII | Girls |
| 2 | KV No. 1, Saltlake | PURBA DAS | VIII | |
| 3 | KV OCF Avadi | P G DHARINI | VIII | |
| 4 | KV ONGC Sivasagar | HARSHITA KONWAR | VIII | |




# PM Shri Kendriya Vidyalaya IIT Kharagpur Clinches National Youth Parliament Trophy

Like every year, the Ministry of Parliamentary Affairs, in association with the Kendriya Vidyalayas Sangathan (KVS), organized the 34th National Youth Parliament competition for the year 2023-24.

The highlight of this year's competition was the remarkable performance of PM SHRI Kendriya Vidyalaya, IIT Kharagpur, Kolkata Region, East Zone, which secured the First Position at the National Level and claimed the prestigious Nehru Running Shield and Trophy. The participating students and Kendriya Vidyalaya will be awarded the trophy by the Ministry of Parliamentary Affairs.

**Additionally, four other Kendriya Vidyalayas that excelled at the Zonal Level are as follows:**

| S.No. | Name of Kendriya Vidyalaya | Zone |
|---|---|---|
| 1. | KV, NSG Manesar (Gurugram Region) | North |
| 2. | KV, Mhow (Bhopal Region) | Central |
| 3. | PM SHRI KV No. 1 Kota (Jaipur Region) | West |
| 4. | PM SHRI KV, HVF Avadi, (Chennai Region) | South |

These Kendriya Vidyalayas showcased outstanding performance in their respective zones, contributing to the overall success of the event.












## Odisha's Rising Star Preetismita Bhoi Shines with Gold at IWF Youth Championships

At just 16, **Preetismita Bhoi,** a class X student from Kendriya Vidyalaya, Dhenkanal has made history at the IWF World Youth Weightlifting Championships in Lima, Peru. Competing in the women's 40 kg category, Preetismita clinched the gold with a world record lift. She achieved a total of 133 kg, lifting 57 kg in snatch and an impressive 76 kg in clean & jerk, breaking the previous record by 1 kg.

## Dhinidhi Desinghu: India's Youngest Swimmer Ready for Paris Olympics




In a remarkable journey from Bengaluru's swimming pools to the global stage, 14-year-old **Dhinidhi Desinghu** is set to make waves as India's youngest participant at the Paris Olympics. Named alongside Srihari Nataraj under the 'Universality quota' by the Swimming Federation of India, Dhinidhi will compete in the 200m freestyle event, having achieved a personal best of 2:04.24s at the senior nationals last year.

**Dhinidhi, a Class 9 student at Kendriya Vidyalaya DRDO,** began her competitive swimming career six years ago and has quickly risen through the ranks. Her journey includes standout performances like **winning seven gold medals** at the Goa National Games and competing at the World Championships in Doha. Reflecting on her upcoming Olympic debut, Dhinidhi expressed excitement and nerves, acknowledging the honor and challenge of competing against older athletes.

KVS Training

# Dynamic Training Initiative for a New Chapter in Education

The academic session of 2024-25 launched with a dynamic series of STEM workshops in April 2024, orchestrated by the Department of Science & Technology in collaboration with HBCSE. This initiative provided Science and Mathematics teachers with an enriching opportunity to visit the IISER Mohali campus, where they explored cutting-edge laboratories and discovered the latest innovative technologies, igniting their passion for teaching and inspiring a new wave of scientific curiosity.

To cultivate the managerial skills and leadership qualities of newly appointed principals, induction courses were held at five Zonal Institutes of Education & Technology. In a testament to her commitment to excellence, Ms. Nidhi Pandey, the Commissioner of KVS, made personal visits to some of the venues. There, she evaluated the quality of the courses and shared her invaluable insights, ensuring that these leaders are well-prepared to guide their institutions toward success.










At the heart of Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) are its teachers, the true pillars of its success. Their unwavering dedication and tireless work ethic have propelled KVS to the summit of school education in India. With the recent addition of over 10,000 teachers, the organization stands on the brink of a new era, where equipping these educators with the ethos and aspirations of KVS is essential. To nurture this new wave of educators, 103 induction courses (in blended mode) were thoughtfully organized between April and June 2024, laying the foundation for a bright future in education. This mammoth task was accomplished with the coordination of ZIETs and Regional Offices, where common course designs were formulated for standardization and uniformity.






In-service courses for teachers are a cornerstone of the KVS training program, designed to keep educators at the forefront of pedagogical innovation and educational technology. These courses equip teachers with the latest tools and techniques, empowering them to guide students toward success in an increasingly competitive world. Scheduled during the summer vacation, these courses ensure that the rhythm of teaching and learning in schools remains undisturbed while teachers immerse themselves in professional growth.

# Training Programmes Conducted

**(01st April to 30th June 2024)**

| S. No. | Name of the Training Programme | No. of Courses / Workshop | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| 1. | STEM Training- Vigyan Pratibha Workshop | 01 | 60 |
| 2. | Induction Course of Principals | 08 | 382 |
| 3. | Induction Courses of Teachers | 103 | 6320 |
| 4. | In-service Courses for Teachers | 18 | 1930 |

# KVS Students Take Innovation to Japan

Three talented students from Kendriya Vidyalayas made India proud on the global stage by participating in the **INSPIRE MANAK** Scheme's Sakura Science High School Programme (SSHP) in Japan! **Aurav Rajput** from KV Sector-VII, R K Puram, Delhi; **Shubh Saxena** from KV No. 4, Sagar, Madhya Pradesh; and **Yashas Kumar Sugali** from KV RWF, Yelahanka, Bengaluru, traveled to Japan for the Sakura Science High School Programme from May 19th to 25th.

These young innovators were selected by the Department of Science & Technology (DST) for their stellar performance in the 10th National Level Exhibition & Project Competition under the INSPIRE Awards MANAK. Their journey to Japan was not just a trip—it was a leap into the future of science and technology, where they exchanged ideas with bright minds from around the world.

# Achievements



### अर्शिया शर्मा ने किया सबको गौरवान्वित!

पीएमश्री के.वि. बनतालाब की प्रतिभाशाली विद्यार्थी अर्शिया शर्मा ने 28 मई के दिन 'अमेरिकन गॉट टैलेंट 2024' के मंच पर अपने शानदार नृत्य कला से पुरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया।



### PM Shri KV Khanapara Students Win Gold in Quiz Competition

Kaushik Kirtania, a student of 11th grade, and Rituporno Roy of 10th grade at PM Shri KV Khanapara, who went to participate in an art competition, won gold medals in the quiz competition.



### Harshil Swami in Top 100 of Atal Innovation Mission

Harshil Swami from KV WCL Chandrapur has made it to the top 100 in the Student Entrepreneurship Programme of the Atal Innovation Mission. His project, "Home Made Air Purifier: Balance between Ecosystem Safety and Economic Assurance," is truly inspiring.



### रिंकी कश्यप ने गोल्ड मेडल किया अपने नाम

के.वि. क्रमांक-4 तेजपुर की छात्रा रिंकी कश्यप ने 28 मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ में आयोजित हुए प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ में चौथी राष्ट्रीय योगासन खेल चैंपियनशिप के दो ग्रुप स्पर्धाओं में स्वर्ण और रजत पदक जीते।



### दर्श कोरिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

के.वि. खानापारा में आठवीं कक्षा के छात्र दर्श कोरिया ने गुवाहाटी में आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योर कॉन्क्लेव में कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों के साथ 'ड्रोन सिमुलेशन प्रतियोगिता' में स्वर्ण पदक जीता है।



### संजना सिंह और अनिंदिता सैकिया का शानदार प्रदर्शन

के.वि.खानापारा की छात्रा संजना सिंह और अनिंदिता सैकिया ने गुवाहाटी में आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योर कॉन्क्लेव में 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' में द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार जीता।



### Kanakshree Dharwal Shines at State Aquatic Championship

Kanakshree Dharwal, a Class X student from KV No. 2 Neemuch, won 13 medals (1 Gold, 4 Silver, 8 Bronze) at the M.P. State Open Aquatic Championship in Gwalior. She set a new state record in the 400m IM event and will represent M.P. in the National Aquatic Championship in Bhubaneswar.





### के.वि. के होनहार छात्र अक्षत कुमार और देबांजल तामुली

पीएम श्री के.वि. नागांव के अक्षत कुमार और देबंजल तामुली ने 'सोनी लिव' पर हुए क्विजर ऑफ़ द ईयर के जोनल राउंड में अपनी जगह बनाई, इसके अलावा उन्होंने भारत के शीर्ष 64 टीमों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 2000 से अधिक स्कूलों और 6 लाख दैनिक क्विज़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan
Shaala Dhwani Newsletter
Issue: April-June 2024
-----------------------------------
Patron: Nidhi Pandey, Commissioner, KVS
Editor: Dr. P. Devakumar, Joint Commissioner (Acad)
Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor
-----------------------------------
Published by Dr. P. Devakumar, Joint Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.
-----------------------------------
Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaaladhwani@gmail.com

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर